1

**आवश्यक**

**पंचायत आम चुनाव, 2021**

राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
STATE ELECTION COMMISSION
BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्रांकः– पं.नि. 30–95/2021 – 3257

प्रेषक,

सचिव
राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी –सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)।

पटना, दिनांक– 24/08/2021

**विषयः– पंचायत आम निर्वाचन, 2021 : मतदान केन्द्र पर विभिन्न पदों हेतु वोटिंग कम्पार्टमेंट की स्थापना के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि बिहार पंचायत आम निर्वाचन, 2021 के क्रम में ग्राम पंचायत के चार पद यथा – ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद् सदस्य का निर्वाचन ई.वी.एम. से तथा ग्राम कचहरी के दो पद यथा – पंच एवं सरपंच पद का निर्वाचन मतपत्र–मतपेटिका के माध्यम से कराया जाना है।

ई.वी.एम. के माध्यम से होने वाले मतदान के लिए ग्राम पंचायत सदस्य एवं मुखिया पद का सी0यू0 द्वितीय मतदान पदाधिकारी (P3B) के पास तथा पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य का सी0यू0 तृतीय मतदान पदाधिकारी (P3C) के पास रहेगा, जबकि तृतीय मतदान पदाधिकारी (P3A) के पास पंच एवं सरपंच पद का मतपत्र होगा, जो उनके द्वारा मतदाताओं को विहित रीति से उपलब्ध कराया जायेगा। मतदान कक्ष में प्रवेश करने के पश्चात् कोई भी मतदाता सारी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए आसानी से अपना वोट डाल सकें, इसके लिए आवश्यक है कि मतदान कक्ष में वोटिंग कम्पार्टमेंट पदवार इस तरीके से व्यवस्थित रूप से स्थापित किया जाये ताकि मतदाता को किसी तरह का भ्रम अथवा परेशानी न हो।

उक्त के आलोक में पीठासीन पदाधिकारी मतदान कक्ष में ई.वी.एम. से होने वाले चार पदों के बी0यू0 को रखने हेतु चार अलग–अलग वोटिंग कम्पार्टमेंट तथा पंच एवं सरपंच पद के मतपत्र पर वोटिंग स्टिक के माध्यम से मत डालने हेतु एक वोटिंग कम्पार्टमेंट निम्नलिखित क्रम में अधिष्ठापित करेंगेः–

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग्राम पंचायत सदस्य हेतु | ⇨ | ग्राम पंचायत मुखिया हेतु | ⇨ | पंचायत समिति सदस्य हेतु | ⇨ | जिला परिषद् सदस्य हेतु | ⇨ | पंच एवं सरपंच पद हेतु |
| वोटिंग कम्पार्टमेंट–1 | | वोटिंग कम्पार्टमेंट–2 | | वोटिंग कम्पार्टमेंट–3 | | वोटिंग कम्पार्टमेंट–4 | | वोटिंग कम्पार्टमेंट–5 |

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmailcom

**वोटिंग कम्पार्टमेंट का रंग**

विभिन्न पंचायत निकायों के लिए वोटिंग कम्पार्टमेंट के कार्डबोर्ड का रंग अलग–अलग पद के लिए निम्नवत् होगाः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत के सदस्य | :– | काला रंग के कार्डबोर्ड पर पद का नाम उजले रंग से मुद्रित होगा। |
| 2. | ग्राम पंचायत का मुखिया | :– | हरा रंग के कार्डबोर्ड पर पद का नाम काले रंग से मुद्रित होगा। |
| 3. | पंचायत समिति के सदस्य | :– | नीला रंग के कार्डबोर्ड पर पद का नाम लाल रंग से मुद्रित होगा। |
| 4. | जिला परिषद् के सदस्य | :– | लाल रंग के कार्डबोर्ड पर पद का नाम काला रंग से मुद्रित होगा। |
| 5. | ग्राम कचहरी के पंच एवं सरपंच | :– | आधा कत्थई एवं आधा पीला कार्डबोर्ड पर क्रमशः सरपंच एवं पंच पद का नाम काला रंग से मुद्रित होगा। |

विदित हो कि कार्डबोर्ड का रंग बाहर–भीतर दोनों ही तरफ से उपरोक्त अंकित रंग का होगा तथा पद का नाम बाहर एवं भीतर बड़े अक्षरों में निर्धारित रंग में मुद्रित/अंकित होगा।

अनुरोध है कि उपर्युक्त व्यवस्था के अनुसार वोटिंग कम्पार्टमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये एवं मतदान केंद्र पर उपरोक्त बताई हुई विधि से स्थापित करने हेतु सभी संबंधित को निदेशित करने की कृपा की जाये।

विश्वासभाजन

सचिव

ज्ञापांक – पं.नि. 30–95/2021 – 3257 पटना, दिनांक – 24/8/2021

प्रतिलिपि अपर मुख्य सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक – पं.नि. 30–95/2021 – 3257 पटना, दिनांक – 24/8/2021

प्रतिलिपि सभी प्रमण्डलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक – पं.नि. 30–95/2021 – 3257 पटना, दिनांक – 24/8/2021

प्रतिलिपि आई.टी. मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर पत्र अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

सचिव।